Regarding need to revamp and develop Maldaha Airport in West Bengal for defence purposes-Laid

श्री खगेन मुर्मु (माल्दहा उत्तर) : मैंअपने क्षेत्र की सुरक्षा से जुड़ी एक अति महत्वपूर्ण आवश्यकता प्रस्तुत कर रहा हूँ। माल्दहा जिला भारत-बांग्लादेश सीमा पर स्थित है, जो लगभग 165.5 किलोमीटर लंबीअंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करता है। यह क्षेत्र रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है।माल्दहा में 1962 में 144 एकड़ भूमि पर एयरपोर्ट का निर्माण हुआ था, परंतु रनवे की लंबाई केवल 1,097 मीटर होने के कारण इसका संचालन नहीं हो सका। वर्तमान में निकटतम कार्यरत सक्रिय हवाई अड्डे बागडोगरा (241 किलोमीटर) और कोलकाता (323 किलोमीटर) की दूरी पर स्थित हैं। सीमावर्ती क्षेत्र में किसी भी संभावित सुरक्षा खतरे का मुकाबला करने के लिए माल्दहा एयरपोर्ट का पुनरुद्धार और उसे रक्षा उपयोग के लिए विकसित करना अत्यंत आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, यदि यह स्थल सुरक्षा और रक्षा उद्देश्यों के लिए उपयुक्त नहीं है, तो अनुरोध है कि क्षेत्र में नई भूमि खोजी जाए। यह प्रयास न केवल सीमावर्ती सुरक्षा बलों की त्वरित पहुँच सुनिश्चित करेगा बल्कि क्षेत्र में रणनीतिक लाभ भी प्रदान करेगा।मैं सरकार से निवेदन करता हूँ कि माल्दहा एयरपोर्ट को रक्षा उपयोग के लिए पुनरुद्धारित करने तथा आवश्यकता पड़ने पर नई भूमि की खोज करने हेतु प्रयास किये जाएं।